## सार-समाचार

### भाजपा देहात जिला कार्यसमिति की घोषणा



**बीकानेर,**(निसं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर के निर्देशानुसार भाजपा बीकानेर देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने जिला कार्यसमिति के सदस्यों की घोषणा की है। जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में संतुलन और सामंजस्य को ध्यान में रखते हुए कुल 91 कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की है। इस कार्यसमिति में सांसद, विधायक, बोर्ड एवं आयोग के अध्यक्ष व सदस्य, प्रधान, चेयरमैन, राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विधायक प्रत्याशी, प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी तथा विशेष आमंत्रित सदस्यों को भी शामिल किया गया है।जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने कहा यह कार्यसमिति संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### पालसिया लगाओ पक्षी जीवन बचाओ

**बीकानेर,**(निसं)। अर्पण सेवा समिति द्वारा पवनपुरी सेक्टर नम्बर तीन के राम मन्दिर के परिसर में 'पालसिया लगाओ पक्षी जीवन बचाओ' अभियान रविवार को किया गया। अर्पण सेवा समिति टीम के राजकुमार भाटिया ने बताया यह कार्यक्रम राम मंदिर पुजारी पण्डित पंकज गौतम के सानिध्य में आयोजित किया गया इस अवसर पर पंडित पंकज गोतम ने कहा अपने परिजनों के जन्म दिवस, वैवाहिक वर्षगांठ और दिवंगत परिजनों की पुण्य स्मृति के लिए इस कार्यक्रम के साथ गौ सेवा भी करनी चाहिये। अर्पण सेवा समिति द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर पालसिये व पौधे लगाए जा चुके हैं। कार्यक्रम में जयेश शर्मा, नरेन्द्र, राजकुमार भाटिया, गांधी बडबूजर , विनय , महावीर आदि का सहयोग रहा।

### भाजपा स्थापना दिवस की तैयारियां तेज

**बीकानेर,**(निसं)। भारतीय जनता पार्टी के 6 अप्रैल को होने वाले स्थापना दिवस को लेकर गंगाशहर मंडल कार्यालय में बैठक और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बैठक में तय किया गया कि प्रत्येक बस्ती और गांव में पार्टी का ध्वज लगाया जाएगा। समारोह में सह-प्रभारी मोहन सुराणा को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर साफा, शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही पार्टी में नवीन दायित्व मिलने पर शिखरचंद डागा, राजश्री कच्छावा, अंकुश चोपड़ा और सैन समाज गंगाशहर के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरचंद भाटी का भी अभिनंदन किया गया। शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ और पूर्व महापौर नारायण चोपड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मंडल अध्यक्ष प्रकाश मेघवाल ने सभी बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को पार्टी के झंडे वितरित किए। कार्यक्रम में सरिता नाहटा, राजश्री कच्छावा और जगदीश सोनी ने भी संगठन की मजबूती पर विचार रखे। इस अवसर पर सुनीता हटीला, कमल गहलोत, चंद्रशेखर शर्मा, जेठमल नाहटा, भंवर साहू, मघाराम नाई, जसकरण मारू, दीपक यादव, मूलचंद दैया, संजय सोनी, विनोद भाटी, अशोक सेन, और जितेंद्र सुराणा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बारहमासी गंगा स्नान कर लौटे श्रद्धालु, विष्णु यज्ञ आयोजित

**बीकानेर,**(निसं)। मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के बैनर तले बारहमासी गंगा स्नान यात्रा करके बीकानेर लौटने पर सभी श्रद्धालुओं का नोखा रोड स्थित करणी माता मंदिर परिसर में समाज अध्यक्ष मनीष कुमार लांबा ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। यज्ञाचार्य अशोक कुमार किराडू एवं उनकी टीम ने मंदिर परिसर में 15 कुंडीय विष्णु यज्ञ का आयोजन किया। इसमें श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति दी। इस दौरान समाज अध्यक्ष मनीष कुमार लांबा संस्थान के यात्रा प्रभारी मदन गोपाल लावट ने यात्रा के सफल आयोजन होने के बाद ब्राह्मण भोज एवं सामूहिक प्रसाद का आयोजन किया। लांबा ने कहा कि इस नेक कार्य में मुझे समाज का अच्छा सहयोग मिला। यह कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। इस दौरान रमेश कुमार लांबा, रामदेव लावट , नरसी कोलायत ,जुगल किशोर लावट ,श्रवण कुकरा, जयकिशन रोड़ा, शिवकमल जोड़ा , मीडिया प्रभारी अनिल सोनी एडवोकेट, लक्ष्मी नारायण लावट, अशोक डांवर, राजू धूपड़ , अनिल धूपड़, जय किशन मांडन निखिल रोड़ा, मोहित रोड़ा, कैलाश डांवर, मनीष रोड़ा, धर्मेश डावर, यशवंत सोनी आदि मौजूद थे।

### ग्राउंड वाटर हैंडपंपों का जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**हनुमानगढ़,** (निसं)। आगामी ग्रीष्मकाल को देखते हुए जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जल भंडारण डिग्गियों का जायजा लिया तथा पीएचईडी के जोड़किया, रोड़ावली और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 8 एलएलएम सहित कई स्थानों पर ग्राउंड वाटर हैंडपंपों की स्थिति जांची। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में आमजन को पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और सभी स्रोतों को पूर्ण रूप से क्रियाशील रखा जाए। उन्होंने जल भंडारण क्षमता और वितरण व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके साथ ही जिला कलेक्टर ने गैस सिलेंडरों की सुचारू आपूर्ति एवं पारदर्शी वितरण व्यवस्था की समीक्षा के लिए गैस एजेंसियों का भी निरीक्षण किया।

# ट्रेनिंग कैंप में हज पर जाने वालों को हज कार्यों की जानकारी दी



**हज ट्रेनिंग कैंप में हज पर जाने वालो को वहां किये जाने वाले कार्यो की जानकारी देते हज गाईड हाजी सैयद अख्तर अली।**

■ कैंप का आगाज़ तिलावत-ए-कुरआन पाक से हुआ, जिसके बाद हज के मुकद्दस सफर से जुड़ी जरूरी बातों पर तफ्सील से रोशनी डाली गई

**बीकानेर(** निसं)। जमीअत उलमा-ए-हिन्द, शाखा बीकानेर की जानिब से आज मदरसा तालीमुल इस्लाम, खड़गावतों का मोहल्ला, बीकानेर में एक अहम हज ट्रेनिंग कैंप का सफल आयोजन किया गया।

कैंप का आगाज़ तिलावत-ए-कुरआन पाक से हुआ, जिसके बाद हज के मुकद्दस सफर से जुड़ी जरूरी बातों पर तफ्सील से रोशनी डाली गई। इस मौके पर जयपुर से तशरीफ लाए हज ट्रेनर हाजी परवेज साहब ने हज के तमाम अरकान, वाजिबात, सुन्नत तरीकों और सफर के दौरान पेश आने वाले मसाइल पर आसान और समझने वाले अंदाज़ में रहनुमाई फरमाई। वहीं बीकानेर के तजुर्बेकार हज गाइड हाजी सैयद अख्तर अली और हाजी इंसाफ अली ने भी अपने तजुर्बात साझा करते हुए हाजियों को अमली तौर पर हज अदा करने के तरीके समझाए और जरूरी हिदायतें दीं।कैंप में बड़ी तादाद में आज़मीन-ए-हज ने शिरकत की और ट्रेनिंग से भरपूर इस्तिफादा किया। हाजियों ने इस पहल को काफी सराहा और इसे अपने सफर के लिए बेहद मुफीद बताया।

इस मौके पर जानकारी देते हुए जमीअत उलमा-ए-हिन्द, शाखा बीकानेर के महासचिव मौलाना मोहम्मद इरशाद कासमी ने बताया कि संस्था की जानिब से पिछले कई सालों से इस तरह के ट्रेनिंग कैंप नियमित तौर पर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका मकसद हाजियों को हज के तमाम अरकान सही और मुकम्मल तरीके से अदा करने के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि सही जानकारी और रहनुमाई के साथ किया गया हज ही मकबूल होता है, इसलिए ऐसे कैंप की अहमियत और भी बढ़ जाती है।उन्होंने आगे कहा कि जमीअत उलमा-ए-हिन्द हमेशा दीनी और समाजी खिदमत के ऐसे कामों में पेश-पेश रहती है और आगे भी इस तरह के प्रोग्राम जारी रहेंगे।

### संगोष्ठी आयोजित

**बीकानेर,**(निसं)। हिमालय परिवार, बीकानेर द्वारा मन मंदिर में एक संगोष्ठी आयोजित की गई । प्रांतीय उपाध्याक्ष डा. सुषमा बिस्सा की अध्यक्षता में आयोजित इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास थे तथा मुख्य वक्ता पूर्व महापौर अखिलेश प्रताप सिंह थे । सचिव आर के शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि हिमालय केवल एक पर्वत नहीं है बल्कि भारत का ताज है जहां देव विराजित है । उन्होने कहा कि हिमालय ने देश की सुरक्षा की ढाल है । उन्होनें कहा कि इजराइल व भारत की संस्कृति को विदेशी आक्रांताओं ने हमेशा बरबाद करने की कौशिश की । मुख्य अतिथि जेठानंद व्यास ने कहा कि पूरा विश्व संकट में है तथा युद्ध के कारण पूरी अर्थ व्यवस्था बिखरी पड़ी है लेकिन हमारे देश की स्थिति काफी सुदृढ है और हमे आने वाली चुनौतियों का डट कर मुकाबला करना है । अध्यक्षता करते हुए डा. सुषमा बिस्सा ने खाड़ी युद्ध का विश्लेषण करते हुए देश की स्थिति पर पड़ रहे प्रभाव के बारे में कहा । जिलाध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने मंच संचालन किया । मन मंदिर सचिव सुरेश गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया व आर के शर्मा ने आभार ज्ञापित किया ।

# बीकानेर में रक्तदान शिविर में 117 यूनिट रक्तदान



**रक्तदान शिविर में रक्तदाताओ की हौसला अफजाई करते विधायक जेठानंद व्यास व महामण्डलेश्वर सरजुमहाराज।**

■ संत श्री पीपा महाराज की 703वीं जयन्ति के उपलक्ष्य में संगठन द्वारा लगातार शिविर का आयोजन रखा जाता हैं

**बीकानेर,**(निसं)। श्री पीपा क्षत्रिय युवा संगठन (रक्तदान समिति) बीकानेर के तत्वाधान में आज श्री पीपा क्षत्रिय भवन, शीतला गेट बीकानेर में 12वें रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया जिसमें अध्यक्ष रणजीत दैया ने बताया कि संत श्री पीपा महाराज की 703वीं जयन्ति के उपलक्ष्य में संगठन द्वारा लगातार शिविर का आयोजन रखा जाता हैं। आज 12वें रक्तदान शिविर में श्री श्री 108 महामण्डलेश्वर सरजूदास महात्यागी महाराज (महन्त श्री राम झरोखा धाम, सुजानदेसर), रामकिशन आचार्य, जेठा नंद व्यास (विद्यायक बीकानेर पश्चिम),मोहन सुराणा, श्याम पंचारिया (बीकानेर देहात अध्यक्ष) पार्षद मोहम्मद फारूख, डा अरूण भारती ने अपने विचार रखे। सभी ने रक्तदान का संदेश दिया। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और इसमें मातृ शक्ति ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जिससे रक्तदान समिति ने 117 यूनिट रक्तदान कर परंपरा को कायम रखा। इसमें बीकानेर के अलावा देशनोक, नोखा, नागौर के समाज-बन्धुओं ने भी अपनी अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष श्री रणजीत दैया ने शिविर में पधारें सभी बन्धुओं एवं कार्यकर्ताओं और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

### साइक्लिग के प्रति किया जागरूक

**बीकानेर,** (निसं)।भारत सरकार के 'फिट इंडिया मूवमेंट' के अंतर्गत इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बीकानेर सिटी ब्रांच एवं जिला साइकिलग संघ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का 20वां संस्करण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और साइक्लिंग के प्रति जागरूक करना रहा। जिला साइक्लिग संघ के सचिव सुरेंद्र कूकणा ने बताया कि साइकिल रैली का शुभारंभ चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. देवेंद्र चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली सुबह 7 बजे एसपी मेडिकल कॉलेज से प्रारंभ होकर राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के साइक्लिग ट्रैक तक पहुंची। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर प्रत्येक रविवार को 'संडे ऑन साइकिल' का आयोजन किया जाता है, जिसके माध्यम से लोगों को नियमित साइक्लिंग अपनाने, स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. सी.एस. मोदी, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. गुरमीत कौर, डॉ. सुरेंद्र बेनीवाल, डॉ. पवन डारा आदि मौजूद रहे।

## ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट में बीकानेर संभाग से भाग लेंगे 6000 किसान

■ राज्य के कृषि क्षेत्र को वैश्विक निवेश और उन्नत तकनीकों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं

**बीकानेर,** (निसं)। कृषि विभाग द्वारा 23 से 25 मई को ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026 आयोजित किया जा रहा है।जिसमें निवेशकों, एग्री-उद्यमियों, एग्रीटेक डेवलपर्स, शोधकर्ताओं, नीति निर्माताओं और किसानों की भागीदारी होगी। इससे पूर्व ग्राम का आयोजन 2016-17 में किया गया था। प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी मंजू राजपाल ने बताया कि ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 23-25 मई माह में आयोजित की जाएगी। इसके लिए आयोजित किए जा रहे रोड शो राज्य के कृषि क्षेत्र को वैश्विक निवेश और उन्नत तकनीकों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। इन रोड शो के माध्यम से देश-विदेश के निवेशकों, एग्रीटेक कंपनियों और विशेषज्ञों को राजस्थान की कृषि क्षमता और उपलब्ध अवसरों से अवगत कराया जा रहा है। ग्राम में राज्य के सभी जिलों से 75,000 से अधिक किसानों, 250 से अधिक प्रदर्शकों, भारत और विदेश की 100 से अधिक कंपनियों तथा साउथ एशिया, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया तथा उत्तर और दक्षिण अमेरिका के कई सारे साझेदार देशों के प्रतिनिधियों के शामिल होंगे। उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने बताया कि बीकानेर संभाग से 6000 से अधिक किसानों की भागीदारी प्रस्तावित है, जिसमें बीकानेर से 2520, जैसलमेर से 1380 तथा चूरू से 2100 से भी अधिक किसान भाग लेंगे। ग्राम के प्रचार हेतु जनवरी-फरवरी माह में जिले के 77 गिरदावर सर्किलों पर ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन हुआ। 12 विभागों की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का किसानों को सीधा लाभ दिया गया।

अतिरिक्त निदेशक कृषि त्रिलोक कुमार जोशी ने बताया कि ग्राम आयोजन का उद्देश्य आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचार, निवेश और साझेदारियों को बढ़ावा देना तथा राजस्थान के कृषि क्षेत्र में सतत विकास और किसानों की आय वृद्धि को प्रोत्साहित करना है।

# श्रीगंगानगर में ओले गिरने से गेहूं-सरसों की फसल बर्बाद

**श्रीगंगानगर,**(निसं)। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव से राजस्थान के उत्तरी जिलों में मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। शुक्रवार शाम को श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़, रायसिंहनगर, करणपुर सहित कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश और भारी ओलावृष्टि हुई। ओलों की मार से खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा। कई जगहों पर खेत सफेद पड़ गए और फसलें बिछ गईं।

किसान बताते हैं कि पकने की कगार पर पहुंची फसल अचानक आई इस आफत से बुरी तरह प्रभावित हुई है। ओलावृष्टि के कारण गेहूं के दाने गिर गए और सरसों की फलियां टूट गईं। आस-पास के गांवों में किसानों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई है। तेज ओले और बारिश ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। शनिवार सुबह जिला मुख्यालय और आस-पास के क्षेत्रों में मौसम साफ हो गया। धूप निकलने से तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हुई, लेकिन किसानों की चिंता बनी हुई है।

मौसम विभाग ने 6 अप्रैल तक आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि का अलर्ट किया है। ऐसे में खड़ी फसलों को और नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 17.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री और अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री रहा, जबकि गुरुवार को न्यूनतम 20 डिग्री और अधिकतम 37.02 डिग्री दर्ज किया गया था। अचानक मौसम बदलने से दिन के तापमान में काफी गिरावट आई है।

## पांडुलिपि संरक्षण और डिजिटलीकरण में 15 हजार पृष्ठों की स्कैनिंग पूर्ण

**बीकानेर,**(निसं)। राजस्थान ललित कला अकादमी एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने अगरचंद भैरोंदान सेठिया जैन पारमार्थिक सेवा संस्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान में चल रहे पांडुलिपि संरक्षण, सूचीकरण एवं डिजिटलीकरण कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संस्थान के अध्यक्ष सुरेन्द्र सेठिया ने संस्थान की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि वर्तमान में यह कार्य संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित 'ज्ञान भारतम् मिशन' के तहत किया जा रहा है।

इस परियोजना का क्लूस्टर सेंटर विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर है। इस पहल के माध्यम से प्राचीन पांडुलिपियों को आधुनिक तकनीक की सहायता से सुरक्षित एवं संरक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 15,000 पृष्ठों का सफलतापूर्वक स्कैनिंग कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जो भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डॉ. रजनीश हर्ष ने संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर को सुरक्षित रखने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने संस्थान के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया।संस्थान द्वारा किए जा रहे ये प्रयास न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश में सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

### ईवी क्रांति हर साल बढ़ रही वाहनों बिक्री

**बीकानेर,( निसं**)। शहर की सड़कों पर अब बदलाव साफ नजर आ रहा है। जहां कभी पेट्रोल-डीजल वाहनों का दबदबा था, वहीं अब इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) तेजी से अपनी जगह बना रहे हैं। न केवल लोग खर्च बचाने के लिए, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से भी ईवी की ओर रुख कर रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि हर साल इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो रही है, जिससे शहर में ग्रीन मोबिलिटी की नई लहर शुरू हो चुकी है। शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग में खासतौर पर प्योर ईवी और बैटरी ऑपरेटेड व्हीकल (बीओवी) के प्रति लोगों का झुकाव अधिक देखा जा रहा है। प्योर ईवी के स्कूटर और मोटरसाइकिल अपनी लंबी रेंज (85-130 किमी), 75-85 किमी/घंटा की स्पीड और 5 साल की बैटरी वारंटी के कारण लोकप्रिय हो रहे हैं।

## जिला कलेक्टर यादव ने किया निरीक्षण, सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश

**श्रीगंगानगर,**(निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। पदभार संभालने के बाद अपने पहले निरीक्षण में उन्होंने अस्पताल के वार्डों को समझने पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया। हालांकि उन्होंने प्रत्येक वार्ड में स्टाफ से बात की तथा वहां की व्यवस्थाओं और काम के दौरान आ रही परेशानियों पर भी बात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज की गंभीरता से जरूरी जांचें हों और उपचार मिले। मरीजों को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था का सामना नहीं करना पड़े।

डॉ. यादव ने एमसीएच भवन में एसएनसीयू, प्रसूता वार्ड, गायनी ओपीडी, बच्चा ओपीडी, कुपोषण प्रबंधन वार्ड, इमरजेंसी, मेन आईसीयू, रामाश्रय वार्ड, नशामुक्ति वार्ड, ब्लड बैंक, ओपीडी, पूछताछ काउंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर, ओपीडी, आईपीडी वार्डों की साफ-सफाई को और ज्यादा सुधारने के निर्देश दिए।

इस दौरान पीएमओ डॉ. सुखपाल बराड़, मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉ. बृजेश महावर, असिस्टेंट प्रिंसिपल डॉ. पवन सैनी, नर्सिंग अधीक्षक रामचंद्र सिहाग, मैनेजर सविंद्रसिंह, सुरक्षा प्रभारी कुलदीप मान आदि मौजद था। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने अस्पताल में ओपीडी और आईपीडी मरीजों के लिए दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने दवा वितरण केंद्रों की कार्यप्रणाली तथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने पीएमओ डॉ. सुखपाल बराड़ से कहा कि अस्पताल में आने वाले रोगी को समुचित उपचार, दवा की व्यवस्था समय पूर्व करवाकर रखें और कोई भी मरीज सरकार की ओर से दी जा रही निशुल्क दवा की सूची की दवा को बाहर से न खरीदे, यह ध्यान रखा जाए। जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के निर्माणाधीन ब्लॉक के काम को देखा। उन्होंने आरएसआरडीसी के अधिकारियों को काम को पूरा करने की डेडलाइन को लेकर पूछताछ की।

# पीबीएम अस्पताल में ठंडे पानी की प्याऊ शुरू



**पीबीएम अस्पताल में ठंडे पानी की प्याऊ को शुभारम्भ करते मेडिकल कालेज प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र वर्मा।**

■ इस पहल का उद्देश्य अस्पताल में आने वाले मरीजों, उनके परिजनों एवं आमजन को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध करवाना है

**बीकानेर,** (निसं)। गर्मी को देखते हुए आमजन और मरीजों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से रविवार को मारवाड़ जन सेवा समिति, गोमा देवी चमडियां ट्रस्ट एवं रोटरी क्लब रॉयल्स के संयुक्त तत्वावधान में जनाना अस्पताल पीबीएम में ठंडे मटके के पानी का प्याऊ शुरू किया गया। इस पहल का उद्देश्य अस्पताल में आने वाले मरीजों, उनके परिजनों एवं आमजन को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध करवाना है, जिससे गर्मी के इस मौसम में उन्हें राहत मिल सके।इस अवसर पर पीबीएम अस्पताल एवं एस.पी. मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र वर्मा, ट्रोमा सेंटर के सीएमओ डॉ. एल.के. कपिल, रोटरी कूब की गवर्नर डॉ. निशा शेखावत तथा मारवाड़ जन सेवा समिति के जिला अध्यक्ष रमेश व्यास सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अतिथियों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल समाज में सेवा भावना को मजबूत करती है और जरूरतमंदों को सीधा लाभ पहुंचाती है। इस दौरान सभी ने इस तरह के जनहित कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प भी लिया।

# जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



**जिला कलेक्टर निशांत जैन और पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया ।**

■ जिला कलेक्टर ने केन्द्राधीक्षकों और परीक्षा से जुड़े कार्मिकों को पूर्ण गंभीरता तथा जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए

**बीकानेर,** (निसं)। जिला कलेक्टर निशांत जैन और पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने रविवार को उपनिरीक्षक/प्लाटून कमांडर संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा के पहले दिन विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने बीजेएस रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय, राजकीय डूंगर कॉलेज, सेंट विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय महर्षि दयानंद मार्ग और राजकीय सार्दुल उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थापित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने केन्द्राधीक्षकों और परीक्षा से जुड़े कार्मिकों को पूर्ण गंभीरता तथा जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरपीएससी के मानक अनुसार सभी व्यवस्थाएं हों, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और दोनों दिन की चारों पारियों में अतिरिक्त सतर्कता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सतर्कता दल भी आवंटित केंद्रों पर नियमति गश्त करें तथा यह सुनिश्चित करें कि नियमों की पालना में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं हो।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 5 और 6 अप्रैल को प्रतिदिन दो-दो परियों में यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसके लिए जिले में कुल 48 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। दोनों दिन 15 हजार से अधिक परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। सोमवार को भी प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक पहली और दोपहर 3 से सायं 5 बजे तक दूसरी पारी की परीक्षा होगी।

## गैस नहीं मिली तो सिलेंडर भरी गाड़ी को टक्कर मारी

■ खेत में पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, एजेंसी के कर्मचारियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**श्रीगंगानगर,**(निसं)। गैस सिलेंडर नहीं मिलने से नाराज युवक और उसके 4 साथियों ने सिलेंडरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को अपनी गाड़ी से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रॉली सड़क किनारे खेत में पलट गई। एलपीजी से भरे सिलेंडर बिखर गए। गनीमत रही कि ट्रॉली पलटने के बाद सिलेंडर फटे नहीं, वरना खेत में खड़ी गेहूं और जौ की फसल में आग लग जाती।

यह पूरा मामला श्रीगंगानगर के लालगढ़ जाटान क्षेत्र का है। बाबू इण्डेन गैस एजेंसी के मालिक ऋतुराज गुर्जर ने 4 अप्रैल की शाम 5 बजे एफआईआर दर्ज करवाई है। आरोप है कि वारदात के बाद युवक और उसके चार साथियों ने गैस एजेंसी के कर्मचारियों के साथ मारपीट की। उनसे नकदी छीनने का भी प्रयास किया। इस घटना के बाद से एजेंसी ने गैस की सप्लाई बंद करने की धमकी दी है।

बाबू इण्डेन गैस एजेंसी के संचालक भीमसेन गुर्जर ने बताया कि फिलहाल गैस सप्लाई जारी है। जिन लोगों ने पहले से बुकिंग करवाई थी, उन्हें सिलेंडर पहुंचा दिए गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि मारपीट और टकराव की घटना के बावजूद यदि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो गांव दलियांवाली में गैस सप्लाई बंद कर दी जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि पूरे मामले की जानकारी जिला गैस यूनियन को दे दी गई है और आगे का निणर्य यूनियन से चर्चा के बाद लिया जाएगा।

घटना 2 अप्रैल की है। गैस एजेंसी के कर्मचारी रमन कुमार और गिरधारी लाल दलियांवाली गांव में सप्लाई देने पहुंचे थे। यहां गुरसेवक सिंह सिलेंडर लेने आया। रिकॉर्ड चेक करने पर पता चला कि उसने 26 मार्च को ही ओटीपी के जरिए सिलेंडर लिया था। पेट्रोलियम मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार, 45 दिन से पहले दूसरा सिलेंडर नहीं दिया जा सकता। आरोप है कि जब कर्मचारियों ने नियम का हवाला देकर मना किया, तो गुरसेवक गाली-गलौज और धमकी देकर वहां से चला गया।

श्रीगंगानगर के लालगढ़ जाटान में 2 अप्रैल को गैस सिलेंडर नहीं मिलने से नाराज युवक अपने नीले रंग के ट्रैक्टर न्यू हॉलैंड को सामने लाया था।

युवक ने गैस सिलेंडरों से भरी एजेंसी की ट्रैक्टर-ट्रॉली को जोर से टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रॉली पलट गई और सिलेंडर खेत में बिखर गए। दोनों कर्मचारियों के साथ मारपीट भी करने का आरोप है।

शाम करीब 4 बजे जब कर्मचारी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागसर की ओर जा रहे थे, तब गुरसेवक सिंह अपने नीले रंग के न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर के साथ रास्ते में घात लगाकर खड़ा था।

